प्रदर्श– 1 संलग्न है जिसके अनुसार ग्राम बांक्या की नया खाता संख्या 84 की वादग्रस्त आराजी खसरा नम्बर 118 की 2.37 हैक्टर, खसरा नम्बर 121 की 1.02 हैक्टर कुल 3.39 हैक्टर भूमि वादी मथुराधीश जी बडा मंदिर ठिकाना कोटा के नाम खातेदारी में दर्ज है ।

10. वादी की ओर से गवाह पीडब्ल्यू डी– 1 नवीन चन्द्र एवं प्रतिवादी की ओर से गवाह प्रहलाद डी.डब्ल्यू.– 1 कराए गये हैं ।

11. अपीलान्ट ने अपनी बहस में मुख्य रूप से निवेदन किया है कि वादग्रस्त आराजी पर उनका 50 –60 वर्षों से कब्जा चला आ रहा है परन्तु अपने लम्बे समय से कब्जे के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं की है । अपीलान्ट अपने अपील में कहे गये कथनों को साबित करने में असमर्थ रहे हैं ।

12. वादग्रस्त आराजी वादी मूर्ति मंदिर बडे मथुरेश जी के नाम खातेदारी में दर्ज है । मूर्ति मंदिर शास्वत नाबालिंग है और वह अपने खातेदारी की भूमि को किसी भी व्यक्ति से काश्त करवा सकता है । वादग्रस्त आराजी पर प्रतिवादीगण बहैसियत अतिक्रमी काबिज हैं जिससे वह बेदखली के पात्र हैं ।

13. हमने अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री का अवलोकन किया । अधीनस्थ न्यायालय ने दावे एवं जवाबदावे के आधार पर 06 तनकीयात कायम की और प्रत्येक तनकी पर अपना स्पष्ट निष्कर्ष पारित करते हुए उक्त निर्णय एवं डिक्री पारित की है जिसमें किसी प्रकार की विधिक त्रुटि नहीं की है । हम अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय से सहमत हैं और उसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप किया जाना उचित नहीं समझते हैं ।

14. अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है । अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 01.06.2012 बहाल रखा जाता है ।

15. निर्णय आज दिनांक 20.11.2018 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

20.11.18

(भागवंती जेठवानी)
राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा